सुबेदार तेजपाल सिंह राठौड़ का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार

सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड़ की शहादत पर गांव में उमड़ा जनसैलाब

सादुलपुर, (निसं)। तहसील राजगढ के गाँव चाँदगोठी निवासी सैनिक तेजपाल सिंह राठौड का सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार रविवार को किया गया। वहीं सैनिक की शहादत पर गाँव में जनसैलाब उमड पडा।

राठौड का पार्थिव देह दिल्ली से अल सुबह पिलानी पहुंचा तथा भारतीय सेना के ट्रक में रखे राठौड के पार्थिव शरीर को सेना के अधिकारी और जवान लेकर गाँव चाँदगोठी पहुँचे। जैसे ही राठौड का शव उनके घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया। साथ ही समूचा गाँव तेजपाल सिंह राठौड अमर रहे तथा भारत जिंदाबाद के नारों से गूंज उठा। वहीं 53 वीं राष्ट्रीय राइफल के नायब सूबेदार बीनू नायर तथा सैनिक रमेश कुमार करण सिंह शहीद के पार्थिव शरीर को लेकर गांव पहुंचे तथा 94 मीडियम रेजिमेंट के सूबेदार संजीव कुमार के नेतृत्व में शहीद तेजपाल सिंह राठौड को गार्ड ऑफ ऑनर पेश किया गया।

झुंझुनूं सीमा पर स्थित गाँव थिरपाली बडी से चाँदगोठी तक सडक मार्ग पर जनसैलाब उमड पडा। इसके अलावा सेना के ट्रक में रखें तेजपाल सिंह राठौड के पार्थिव शरीर जैसे ही झुंझुनू से चूरू सीमा में प्रवेश किया तो लोगों नें फूल बरसा कर अपने लाडले को अंतिम विदाई देकर श्रद्धांजलि दी। इसी दौरान अनेक डीजे साउंड के वाहनों में देशभक्ति के गूंजते गीत, वहीं सैकडों युवक मोटरसाइकिल पर सवार होकर तिरंगा यात्रा निकाल कर देश भक्ति का माहौल बना रहे थे।



स्व. सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड़ को सेनाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने श्रद्धांजलि अर्पित की।

गौरतलब है कि सूबेदार तेजपाल सिंह राठौड धुलंडी के दिन शुक्रवार को बडगांव (श्रीनगर) में वीर गति को प्राप्त हो गये थे। भारतीय सेना की 53 राजपूत रेजीमेंट में सेवारत सूबेदार तेजपाल सिंह का का जन्म ०5 जुलाई 1981 को हुआ था और वह 29 दिसंबर 1997 को देश सेवा के जज्बे के साथ भारतीय सेना में भर्ती हुए थे।

सैनिक राठौड़ के परिवार में उनकी माता व दो संतान है, जो

- **जैसे ही राठौड़ का शव उनके घर पहुंचा तो घर में कोहराम मच गया**

अध्ययनरत हैं। इस अवसर पर सादुलपुर विधायक पदमश्री डॉ. कृष्णा पूनिया, भाजपा नेता एवं पूर्व सांसद रामसिंह कस्वां, पूर्व विधायक मनोज न्यांगली, किसान नेता वेदप्रकाश पूनिया, पिलानी चेयरमैन रणवा, जिला सैनिक कल्याण बोर्ड अधिकारी सी.डी.आर. पीए हसन, उपखंड अधिकारी राजगढ पंकज गढवाल, एएसपी अशोक कुमार बुटालिया, डीएसपी ब्रजमोहन असवाल, अवकाश प्राप्त सैनिक संघ के अध्यक्ष कैप्टन विद्याधर पूनिया, कैप्टेन करणसिंह, कैप्टेन बी.पी. रणवा, कैप्टेन ओमप्रकाश, कैप्टेन भीमसिंह, सुबेदार महासिंह, सुबेदार जे.पी डूडी, सुबेदार मेवासिंह, हवलदार जयसिंह व हलवादार मांगेराम सहित सैंकडों लोगों नें अपने लाडले को श्रद्धासुमन अर्पित किया।

सर्व समाज ने निकाली जन आक्रोश रैली

खेतड़ी, (निसं) झुंझुनूं जिले के खेतड़ी इलाके में बढ़ते अपराधों की रोकथाम के लिए सर्व समाज द्वारा रविवार को जन आक्रोश रैली का आयोजन किया गया।

पोलो ग्राउंड मैदान में युवा नेता मनोज घुमरिया की नेतृत्व में हुई रैली में वक्ताओं ने संबोधित करते हुए नेताओं पर अपराधियों को संरक्षण देने का आरोप लगाया। रैली को संबोधित करते हुए मनोज घुमरिया ने कहा कि क्षेत्र में आए दिन अपराधी बेखौफ होकर वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। लेकिन पुलिस द्वारा अपराधियों के खिलाफ कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की जा रही है। उन्होंने बताया कि अपराध करने वाले लोगों पर नेताओं का पूरा संरक्षण है, जिसके चलते पुलिस व प्रशासन खादी के आगे नमस्तक हो जाता है। कांकरिया गांव में 11 जून 2021 को बजरी खनन माफियाओं ने जीप से कुचलकर सोनी देवी की हत्या कर दी थी। आरोपियों के खिलाफ थाने में नामजद मुकदमा दर्ज होने के बावजूद भी पुलिस आरोपियों को नहीं पकड़ पाई है। उल्टा परिजनों को झूठा मुकदमा दर्ज करने की धमकी देकर राजीनामा करने का दबाव बनाया जा रहा है। जिसको लेकर परिजन आज भी थाने के चक्कर लगा रहे हैं। आक्रोश रैली के दौरान लोगों ने सोनी देवी हत्याकांड की सीबीआई जांच करवाने व मामले में फरार चल रहे नामजद आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की गई।

सार-समाचार

ओला का अरड़ावता में किया स्वागत

झुंझुनूं, (निसं)। राज्य के प्रधानाध्यापक, प्रधानाचार्य, जिला शिक्षा अधिकारी, उप निदेशक, संयुक्त निदेशक एवं अतिरिक्त निदेशक स्तर का एकमात्र संगठन राजस्थान शिक्षा सेवा परिषद झुंझुनूं ने पुरानी पेंशन बहाली पर सामाजिक सुरक्षा की पैरोकार राज्य सरकार और परिवहन एवं सड़क सुरक्षा मंत्री बृजेंद्र ओला का उनके निवास स्थान अरड़ावता पर साफा ओढाकर एवं अभिनंदन पत्र देकर सम्मानित किया। जिला मंत्री प्रकाशचंद्र चाहर ने बताया कि 1 जनवरी 2004 के बाद पदस्थापित कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करने की घोषणा बजट 2022 में करके कार्मिकों का राज्य सरकार ने मनोबल बढ़ाया है। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी माध्यमिक सुभाषचंद्र ढाका, अतिरिक्त जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद आबूसरिया, जिला साक्षरता अधिकारी कुलदीप खरबास, अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी झुंझुनूं अशोक पूनियां, सुमेर महला, सरोज दाधीच, जयप्रकाश बुगालिया, विनोद जांगिड़, बालकृष्ण, जयलाल आबूसरिया सहित जिले के गणमान्य नागरिक उपस्थित हुए।

भामाशाह समारोह का आयोजन

सादुलपुर, (निसं)। सांखू फोर्ट के महात्मा गाँधी राजकीय विद्यालय (अंग्रेजी माध्य) में भामाशाह समारोह का आयोजन संस्था प्रधान महेंद्र सिंह की अध्यक्षता में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रामावतार मोहता व किशोरीलाला मोहता ने विद्यालय को एक सौ टेबल कुर्सी का सेट भेट किया। वही सागरराम प्रजापत के सुपुत्रों द्वारा स्वचालित घंटी भेट की। उम्मेद सिंह तंवर व गोपाल केडिया ने 21-21 हजार, गोपीचंद प्रजापत, बिलाला काजी, शिक्षक जगदीश नें 21-21 सौ रूपये, रघुवीर सिंह कंकडेऊ, देवकीनंदन खेमका, सलीम - फारूक नें 11-11सौ रुपए भेट किए। नंदलाल नें एक कम्प्यूटर व 11 हजार रूपये, पूर्व सरपंच प्रतिनिधि दलीप सिंह गोठवाल व उम्मेद सिंह बीका नें 16,100-16,100 रूपये, सुरेश जांगिड नें 20 टेबल-कुर्सियों का सेट तथा सरपंच सीता कंवर नें 51 कुर्सी विद्यालय में भेट की। इस मौके पर रामकरण कारगवाल, पूर्व सरपंच पृथ्वीराजसिंह राठौड, देवेंद्र दीक्षित, पीएनबी बैंक के सीनियर मैनेजर रामगोपाल सील्हा, मुक्ता प्रसाद शर्मा, गौशाला सचिव भंवरलाल गोस्वामी व मनोज शर्मा आदि सहित अन्य ग्रामीणजन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सुरेश भोमिया नें किया।

विधायक को दिया ज्ञापन

सूरजगढ़, (निसं)। विधायक सुभाष पूनियां के आवास पर व्यावसायिक प्रशिक्षक संघ राजस्थान के प्रतिनिधि मंडल ने होली की हार्दिक शुभकामनाएं दी एवं अपनी विभिन्न मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें व्यावसायिक प्रशिक्षकों को प्लेसमेंट एजेंसियों के शोषण से मुक्ति दिलाकर सीधे ही शिक्षा विभाग में समायोजित करने सहित चिकित्सा अवकाश, मातृत्व अवकाश, नियमित भुगतान की मांगे रखते हुए ज्ञापन सौंपा। सुभाष पूनियां ने भरपूर सहयोग का भरोसा दिलाया। प्रतिनिधि मंडल में सुनिल पूनियां, कपिल पारेता, ओमपाल सैनी, शेरसिंह, मुकेश कुमार शामिल रहे।

कार्यकारिणी का विस्तार

झुंझुनूं, (निसं)। टीम वसुंधरा राजे राजस्थान के प्रदेश संयोजक गौरव जीनगर, प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष एडवोकेट कीर्ति सिंह राजावत ने शीर्ष नेतृत्व के आदेशानुसार झुंझुनूं टीम वसुंधरा राजे राजस्थान के जिलाध्यक्ष मनोज सहल की अनुशंषा पर पदाधिकारियों का मनोनयन किया है। जिसमें अल्पसंख्यक मोर्चा झुंझुनूं जिला अध्यक्ष पद पर आरिफ खोखर, मंडावा विधानसभा अध्यक्ष पद पर इंजीनियर आदिल मलसीसर, झुंझुनूं जिला महामंत्री पद पर शंभूदयाल नेहरा, उदयपुरवाटी विधानसभा अध्यक्ष रणसिंह काकोड़िया, बिसाऊ युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय चौहान व महामंत्री कपिल सैनी की नियुक्ति की गई है। इन सभी की नियुक्ति पर डॉ. इमरान खोखर, वाहिद खोखर, एजवान खोखर, उमर खोखर, नरेन्द्र स्वामी, नरेंद्र सिंह, जितेन्द्र इंदौरिया, महंत गणेश चैतन्य महाराज, अजय चौहान, कुलदीप चोमाल महनसर ने बधाई दी है।

'होली भारतीय संस्कृति व सामाजिक समरसता का त्यौहार'

मंडावा, (निसं)। नगरपालिका अध्यक्ष नरेश कुमार सोनी ने कहा है कि होली भारतीय संस्कृति, राष्ट्रीय एकता, सांप्रदायिक सदभाव, सामाजिक समरसता, स्नेह व प्रेम का त्योहार है। यह राधा के प्रेम भक्त प्रहलाद और मीरा की भक्ति का प्रतीक है। वे शनिवार रात को मुकुंदगढ़ मार्ग स्थित सियारामजी की बगीची में आयोजित होली स्नेह मिलन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि इस पर्व को त्याग, तपस्या, सेवा और परस्पर प्रेम की भावना से मनाना चाहिए। होली के विभिन्न रंग हमारे जीवत में भी रंग भर देते है। हम संकल्प ले की पर्यावरण शुद्धि के लिए कार्य करते रहे। समारोह में मंचासीन अतिथि मंडावा थाना प्रभारी महावीरसिंह, मंडावा नपा अध्यक्ष नरेश सोनी, मंडावा राज परिवार के शिवार्जुन सिंह, अनिरूद्धिसंह व सुरेश पालड़ीवाला आदि थे। संचालन मास्टर सुभाषचंद्र बावलिया ने किया। प्रायोजक महंत विष्णु जोशी, पितांबर मिश्रा, मोतीलाल जोशी, किशनलाल जोशी, संतकुमार चोपदार ने आगंतुक मेहमानों का साफा व माला पहनाकर स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि इस कार्यक्रम में लोग बगीची में पहुंचकर जहां चंग की थाप और धमाल की स्वरलहरियों के बीच रसिए थिरकते नजर आए। इस अवसर पर ब्रह्मदत जोशी, बीएल भादूपोता, संघनिष्ठ सज्जनलाल शर्मा, हरिसिंह नरूका, एसपी यादव, पार्षद नंदकिशोर यादव, कोलकाता प्रवासी उद्यमी भामाशाह शंकरलाल सुरोलिया, रमेश हेमाणी सहित अनेक गण मान्य लोग मौजूद थे।

'राम दरबार की मूर्ति लगे द्वार को तोड़ने की घटना से धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है'

- **राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी किया**
- **चूरू में भाजपा नेताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित करके दी आंदोलन करने की चेतावनी**

चूरू, (कासं)। राजस्थान विधानसभा में उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि चूरू जिले में सुजानगढ़ शहर में सालासर के प्रवेश द्वार पर राम दरबार की मूर्ति लगे द्वार को प्रशासन द्वारा तोड़ने की घटना से नागरिकों की धार्मिक भावनाओं को गहरा आघात पहुंचा है।

राठौड़ ने कहा कि हिन्दू व हिन्दुत्व की अलग व्याख्या करने वाली कांग्रेस सरकार के शासन में भगवान भी सुरक्षित नहीं है। यह वही कांग्रेस पार्टी है जिसने रामसेतु के अस्तित्व को नकारने का महापाप किया था। राठौड़ ने कहा कि एक ओर उत्तर प्रदेश में योगी सरकार अयोध्या में भव्य राम मंदिर का निर्माण कर रही है वहीं दूसरी ओर राजस्थान में गहलोत सरकार राम दरबार की मूर्ति तोड़ने में लगी है। राठौड़ ने कहा कि स्थानीय विधायक व प्रशासन की मिलीभगत से ही ऐसी ओछी घटना को अंजाम देकर असंख्य नागरिकों की भावनाओं का अपमान करने का काम किया है। राठौड़ ने कहा कि इतिहास गवाह है कि कांग्रेस पार्टी ने हमेशा तुष्टिकरण की राजनीति की है। राज्य सरकार प्रवेश द्वार पर लगी राम दरबार की मूर्ति को तोड़ने वाले दोषी अधिकारियों व कर्मचारियों के विरुद्ध तत्काल कार्यवाही कर उन्हें निलंबित करें वरना भारतीय जनता पार्टी जन आंदोलन करेगी।

इसी प्रकार सुजानगढ़ के सालासर मार्ग पर स्थित द्वार के राम दरबार को रातों-रात तोड़े जाने पर गहरा रोष व्यक्त करते हुए पूर्व जिला प्रमुख एवं भाजपा नेता हरलाल सहारण ने कहा कि हिन्दू धर्म पर चोट नहीं होने देंगे। सहारण आज यहां उपनेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने आवास पर आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में बोल रहे थे। सहारण ने कहा कि ईंट का जवाब पत्थर से दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि दोषी अधिकारी एवं कर्मचारी पर कार्यवाही होनी चाहिए। भाजपा नेता डॉ. वासुदेव चावला ने कहा कि कांग्रेस सरकार हर मुद्दे पर विफल हो गई है। चावला ने कहा कि सड़क से लेकर सदन तक मुद्दा उठाएंगे। यह राजनीति नहीं आस्था का मुद्दा है। भाजपा द्वारा बड़ा आंदोलन किया जाएगा। भाजपा नेता बसंत शर्मा ने कहा कि भाजपा आस्था को सही मंच पर लाने का काम करती है। उन्होंने कहा कि दोषियों के खिलाफ कार्यवाही होनी चाहिए। इस मौके पर भाजपा के रवि दाधीच, सुशील कुमार आदि मौजूद रहे।

प्रतिभा सम्मान समारोह आोजित

लक्ष्मणगढ शेखावाटी, (निसं)। विप्र फाउंडेशन का जिला स्तरीय सम्मेलन एंव प्रतिभा सम्मान समारोह प्रदेशाध्यक्ष राजेश कर्नल की अध्यक्षता में रघुनाथ उच्च माध्यमिक विद्यालय के सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम संयोजक ओमप्रकाश जोशी एंव तहसील अध्यक्ष प्रदीप दाधीच ने बताया कि कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम मे समाज के प्रतिभावान, नौनिहाल सहित शिक्षा, चिकित्सा, समाजसेवा, पांडित्य, नारी शक्ति आदि मे उल्लेखनीय योगदान देने वाले विप्र गौरवों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता विफा के राष्ट्रीय महामंत्री डा सुनील शर्मा ने विफा के क्रियाकलापों भावी योजनाओ के बारें में बताया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम मे विप्र कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष महेश शर्मा, जिलाध्यक्ष रामगोपाल सुंदरिया, विप्र कल्याण बोर्ड की उपाध्यक्षा मंजू शर्मा, युवा प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष पवन शर्मा, महिला प्रकोष्ठ उपाध्यक्ष भारती शर्मा, राष्ट्रीय कार्यकारिणी के राकेश लाटा, आसपास के संपादक पशुपति शर्मा, जिला प्रभारी कैलाश व्यास आदि गणमान्य नागरिक ने अतिथियो का स्वागत किया।

सार्वजनिक कार्यों के लिए हर पार्टी के नेताओं को सहयोग करना चाहिए : पूनिया

सादुलपुर, (निसं)। राजगढ़ शहर के वार्ड नम्बर 15,16 व 17 में 50 लाख की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं 17 लाख सें निर्मित पंचायत की चारदीवारी का विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया नें उद्घाटन किया।

विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया नें अपने संबोधन में होली की शुभकामनाए देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का आभार व्यक्त किया और इस बजट सत्र में राजगढ में कब्बडी एकेडमी, नवां गाँव में जीएसएस, हमीरवास को उप तहसील बनाने का दर्जा दिया। इसके लिए क्षेत्र वासियों की तरफ से सी.एम. का आभार जताया और कर्मचारियों की पेंशन लागू करनें पर आभार व्यक्त किया। साथ ही विधायक पूनिया ने कहा कि हमारी जो कार्य करनें की प्रणाली हैं उसमें हम दोगलेपन जैसा व्यवहार नहीं करते, बल्कि सब को साथ लेकर चलते हैं।

उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा समस्या इस वार्ड में पीने के पानी की थी और इन वार्डों में विकास के कार्यो के अभाव को मैंने महसूस किया और उसके निराकरण के लिए सीएचसी के पास पानी की टंकी बनकर लगभग तैयार हो चुकी हैं। जिससे वार्डों में अंतिम छोर के व्यक्ति तक पानी पहुंच पाएगा। राजस्थान खेल परिषद की अध्यक्ष डॉ. कृष्णा पूनिया ने कहा कि सार्वजनिक कार्यो के लिए हर पार्टी के नेताओं को सहयोग करना चाहिए ताकि उसके क्षेत्र का विकास हो, और हर वर्ग के लोगों को लाभ मिले।

राजगढ़ में विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया को महिला पार्षदों ने ज्ञापन सौंपा।

अपने संबोधन में कहा कि राजगढ शहर की कोई भी गली कच्ची नहीं रहेगी। मदरसा बोर्ड के सदस्य लाल मोहम्मद भियानी ने वार्ड 15,16 व 17 की आवश्यक मांगों को विधायक से करवाने की अपील की और विधायक डॉ. कृष्णा पूनिया ने सभी मांगों के निराकरण करने की सहमति व्यक्त की और साथ ही कहा कि आप लोगों की हर समस्या का समाधान करेंगे।

समारोह में अध्यक्षता नगर पालिका चेयरमैन रजिया गहलोत, विशिष्ठ अतिथि राजस्थान के मुख्य खेल अधिकारी कोच वीरेंद्र पूनिया, विशिष्ठ अतिथि मदरसा बोर्ड के सदस्य लाल मोहम्मद भियानी, विशिष्ठ अतिथि रमेश पूनिया, रिटायर्ड एडीशन एसपी नियाज मोहम्मद, वार्ड नं. 15 से पार्षद रोशनी बिजारणिया, वार्ड 16 से पार्षद सविता कंवर, वार्ड 17 से पार्षद अफरोज बानो, पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष हबीब नाई, रफीक, अजय पूनिया एडवोकेट, चंद्रभान नायक, पार्षद हरद्वारीलाल मीणा, हैदर अली, जहीर कुरैशी, मंगतू खाँ दमामी, भवंरलाल नायक, हाजी अब्दुल गफूर, मंगतू राम मेघवाल, राजू बिजारणिया, शकर सिंह, विद्याधर मेघवंशी, हनीफ शेख, निसार कायमखानी, हाफिज अल्ताफ, रजाक दहिया, रफीक सोलंकी समस्त पार्षदगण एवं समस्त अग्रिम संगठन के पदाधिकारीगण तथा युवा नौजवान कार्यकर्ता उपस्थित थे।

हरलालसिंह की 40वीं पुण्यतिथि आज

मंडावा, (निसं)। निकटवर्ती गांव हनुमानपुरा में शेर ए शेखावाटी सरदार हरलालसिंह की 40वीं पुण्यतिथि का आयोजन सोमवार को होगा। सरदार हरलालसिंह स्मारक समिति संयोजक राजन चौधरी ने बताया कि किसानों के मसीहा व शेरे ए शेखावाटी के नाम से विख्यात सरदार हरलालसिंह की पुण्य तिथि का कार्यक्रम उनके पैतृक गांव हनुमानपुरा में किया जाएगा। चौधरी ने बताया कि कार्यक्रम के तहत प्रात: दस बजे स्मारक स्थल पर पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

कार्यालय पंचायत समिति उदयपुरवाटी
जिला-झुन्झुनू

क्रमांक-प.स.उदय निर्माण/2022-23/10377 दिनांक-16.03.2022

ई-निविदा सूचना 01/2022-23

पंचायत समिति उदयपुरवाटी की 04 ग्राम पंचायत व 2 पंचायत समिति में मैन विद मशीन कम्प्यूटर ऑपरेटर कुल 6 ऑपरेटर तथा 1 वाहन चालक सेवा प्रदाता ऐजेन्सी से जॉब आउट सोर्सिंग बेसिस पर सुरक्षा श्रमिक लिये जाने हेतु ई-निविदा प्रक्रिया द्वारा प्रस्ताव आमंत्रित किये जाते है।

निविदाऐं दिनांक 16.03.2022 से 23.03.2022 को सायं 06.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाओं का विस्तृत विवरण www.sppp.rajasthan.gov.in पर देखा जा सकता है।

NIB Code- PGE2122A0170
UBN-PGE2122SSLB00193

विकास अधिकारी
पंचायत समिति उदयपुरवाटी

शेखावाटी मिशन-100 की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित

चूरू, (का. सं.)। रविवार को जैन श्वेतांबर उमावि के सभागार में शेखावाटी मिशन-100 की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह आयोजित किया गया।

समारोह में मिशन-100 की टीम द्वारा 2019-20 में उत्कृष्ट योगदान देने वाले राष्ट्रीय स्तर पर हाल ही में निपा द्वारा सम्मानित ओम प्रकाश फगेड़िया, पत्रकार पवन शर्मा व प्रयास संस्थान सीकर के महिपाल व रतनलाल का अभिनंदन किया गया। विभिन्न शिक्षक संघों एवं संगठनों ने भी इनका अभिनंदन किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता रामकरण फगेड़िया ने की। कार्यक्रम को वर्चुअल सम्बोधित करते हुये कलेक्टर सिद्धार्थ सिहाग ने मिशन की प्रशंसा की। विशिष्ट अतिथि निदेशालय बीकानेर के सहायक निदेशक प्रमोद चमोली, सहायक निदेशक भीष्म महर्षि, कार्यक्रम संयोजक रामकरण फगेड़िया, सम्मानित अधिकारी ओम फगेड़िया ने भी संबोधित किया। कन्वीनर घनश्यामसिंह सांखला ने बताया कि पुरस्कृत शिक्षक फोरम के सूर्यप्रकाश त्रिवेदी, शिक्षाविद ओमप्रकाश तंवर, रेसा पी के-सत्यनारायण सैनी, गजानंद खेड़ीवाल, राष्ट्रीय के जगदीश ढूकिया, कमल शर्मा, शिवकुमार शर्मा, शेखावत के जिलाध्यक्ष विजय पोटलिया, प्रदेश मंत्री आरिफ खान, सियाराम संघ के नारायणसिंह शेखावत, रामकुमारसिंह, शारीरिक शिक्षक संघ बनवारी फगेड़िया, रामावतार सहित अन्य संगठनों के पदाधिकारियों ने फगेड़िया, शर्मा व प्रयास के पदाधिकारियों का अभिनंदन किया।

जैन श्वेतांबर उमावि के सभागार में शेखावाटी मिशन-100 की ओर से राष्ट्रीय पुरस्कार वितरण समारोह में उत्कृष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित किया।

समारोह में डीईओ पद पदोन्नत सुमन जाखड़ एवं ओमप्रकाश प्रजापत का भी अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में शिक्षाविद तथा राजकीय व निजी स्कूल के संस्था प्रधान-प्रतिनिधि व शिक्षक उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद मिश्रा ने किया। शेखावाटी मिशन-100 में मॉडल पेपर व छोटे-छोटे महत्वपूर्ण प्रश्न तैयार करने वाले तीनों जिलों के प्राध्यापक व वरिष्ठ अध्यापकों का भी सम्मान किया गया। इनमें नरेंद्र कुल्हरि, आरिफ अली, आरिफ भाटी, मुराद अली, संजय पूनियां, अनिल कुमार, जगदीश प्रसाद, घनश्याम शर्मा, जितेंद्र कुल्हरि, सोमेश शर्मा, अनिल कुमार, मनीषा, मीनाक्षी, मुकंदाराम नेहरा, देवकरणसिंह, भगवानाराम, रीतू, सोनाली चौधरी, अशोक रूयल, सुमन पूनियां, सुमन जाखड़, ओमप्रकाश, कुलदीप कुल्हरि, अविनाश सहित अन्य शामिल थे।

MANAPPURAM FINANCE LTD.

CIN-L65910KL1992PLC006623, IV/470A (old) W638A(New), Manappuram House, Valapad, Thrissur, Kerala - 680 567.

निलामी सूचना

विशेषकर गिरवीकर्ताओं और सामान्य रूप में जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अकाउंट्स में रखे गए सोने के आभूषणों की सार्वजनिक नीलामी निम्नलिखित शाखाओं पर दिनांक 16.04.2022 को सुबह 10.00 बजे से किया जाएगा. हम ऐसे डिफॉल्टर ग्राहकों के सोने के आभूषणों की नीलामी करने जा रहे हैं जिन्होंने रजिस्टर्ड पत्र द्वारा सूचित किए जाने के बावजूद अपने लोन की रकम नहीं चुकाई है. जिन आइटम्स की नीलामी नहीं हो पाएगी, उनकी नीलामी किसी अन्य दिन बिना पुन: सूचना दिए की जाएगी. नीलामी के स्थान व तिथि (अगर कोई हो) में परिवर्तनों की कोई सूचना नीलामी केन्द्र या वेबसाइट पर लगाई जाएगी तथा इस बारे में कोई अन्य सूचना नहीं दी जाएगी.

गिरवियों की सूची :
चूरू, चूरू राजस्थान, 135110700009965, 135110700010051, 0066, 0160, 0162, 0171, सरदार शहर, 135720700007548, 8201, 8335, 8412, 8542, 8564, 8569, 8602, 8607, 8625, 8806, 8827, 8836, 8853, 135720730021593, 1594, 2194, 3294, 3713, 3805, 3807, 3809, 3833, 3869, 3888, 4079, 4080, 4094, सुजानगढ, 135090700010327, 0348, 0396, 0397, 0405, 0528, 0632, 1049, 1235, 1259, 1272, 1282, 1296, 1318, 1338, 1364, 1696, 1707, 1761, 1791, 1808, 1867, 1928, 1930, 2316, 2319, 2334, 2340, 2350, 2364, 2380, 2404, 2409, 2416, 2432, 2434, 135090730027719, 8145, 9621, 9623, 135090730032409, 4260, 5721, 7379, 8536, 135090730042515, 6314, 6338, 6396, 6420, 6421, 6425, 6430, 6637, 7529, 7545, हनुमानगढ़, बाबा शाम सिंह कॉलोनी, 117270700046240, 7016, 7553, 8900, 8998, 9597, 9607, 117270700050015, 0143, 0186, 0325, 0349, 0739, 0767, 0954, 1226, 1238, 1250, 1299, 1369, 2077, 2153, 2253, 117270730023142, 3970, 3971, 5990, 6753, 6754, 6791, 6886, 7175, 7845, 7899, 7903, 7915, 7943, 7988, बस स्टैंड गेट हनुमानगढ़, 117320700025560, 6050, 6107, 6313, 6342, 6345, 6370, 6372, 6459, 6540, 6582, 6585, 6600, 6628, 6633, 6661, 6882, 6934, 6963, 6964, 6965, 6970, 6974, 6975, 6976, 6978, 6986, 6993, 6995, 7005, 7006, 7009, 7010, 7012, 7013, 7026, 7028, 7033, 7043, 7044, 7045, 7051, 117320730013442, 3513, 3817, 3960, 3962, 4726, 4740, 4790, 5038, 5056, 5299, 5715, 5784, 5860, 5861, 6156, 6556, 6843, 6984, 7291, 7308, 7309, 7318, 7324, 7327, 7351, 7361, 7368, नोहर राजस्थान, 135640700018979, 8995, 9172, 9942, 135640700020385, 0507, 0587, 0635, 0695, 0752, 1083, 1139, 1144, 1204, 1213, 1223, 1366, 1384, 1428, 1480, 1504, 1583, 1591, 1595, 1612, 1650, 1660, 1690, 1694, 1704, 1708, 1753, 1764, 1771, 1779, 1783, 1821, 1823, 1829, 1839, 1840, 1843, 1847, 1880, 1894, 1895, 1925, 2397, 2399, 2418, 2438, 2448, 2450, 2457, 2471, 2489, 2495, 2506, 2547, 2562, 2563, 2566, 2574, 2575, 2577, 135640730029049, 9850, 135640730030368, 0898, 1854, 7026, 7348, 9482, 135640730040222, 0310, 0546, 0972, 1337, 1339, 1877, 1904, 1905, 1929, 1943, 1968, 1974, 2084, 2085, 2123, 2159, 2770, 2771, 2781, 2806, 2845, 2860, 2901, 2920, पिलीबंगन, 135180700023462, 4201, 4359, 4764, 4821, 4898, 5274, 5549, 5666, 5766, 5788, 5838, 5839, 5881, 5885, 5902, 6081, 6083, 6088, 6089, 6090, 6154, 6162, 6166, 6188, 6215, 6612, 6763, 6774, 6802, 6803, 6814, 6821, 6823, 6836, 6859, 6865, 6889, 6890, 6895, 6907, 6918, 6920, 6923, 6927, 6932, 6945, 6967, 135180730014477, 4669, 4977, 7096, 7267, 7492, 7652, 7939, 8002, 9313, 9346, 9552, 9553, 9713, 9795, 9867, 9887, 9920, 9972, 135180730020008, 0437, 0525, 0558, 0574, 0590, 0598, 0629, 0643, 0670, 0677, 0686, 0717, नागपुर, लाडनूं, 137990700001225, 1238, 1245, 1250, 1269, 1273, 137990730010701, 2344, 2384, 2427, 2428, 2444, मकराना, 138030700001226, 1878, 1892, 1922, 1926, 1938, 1946, 1959, 138030730010820, 4521, 138030730023071, 4129, 4494, 6132, 6260, तहसील चौक, 115510700016880, 7022, 7140, 7281, 7817, 7879, 8139, 8154, 8203, 8332, 8400, 8414, 8534, 8535, 9034, 9040, 9041, 9047, 9051, 9057, 9058, 9060, 9062, 9082, 9095, 9100, 9110, 9129, 9149, 9187, 9191, 9209, 9225, 9233, 9246, 115510730021555, 1588, 1622, 1645, विजय वल्लभ चौक नागौर, 138430700000990, 1081, 1439, 1446, 1478, 1483, 138430730003320, 3421, 4074, 5947, 6267, 7336, सीकर, बजाज रोड सीकर, 111830700036550, 7124, 7134, 8418, 8435, 8719, 8831, 8840, 8934, 9124, 9242, 9337, 9389, 9407, 9414, 9431, 9432, 9433, 9444, 9445, 9500, 9504, 9541, 9592, 9851, 9880, 9919, 9980, 9996, 111830730052915, 3121, 3273, 3390, 3398, 3468, 4081, 4090, 4901, 5387, 5658, 5793, 8037, 8038, 8601, 9944, 111830730063957, 4230, 8012, 8177, 8745, 8906, 8907, 8908, 9108, 9268, 9325, 9355, 9485, 9547, 111830730071252, 1349, 1376, 1419, 1459, 1473, 1579, 1587, 1656, 1663, 1666, 2715, 2720, 2819, 2917, 2962, 3004, फतेहपुर राजस्थान, 135330700008437, 9503, 9530, 9976, 135330700010081, 0107, 135330730024176, 6339, 6368, 6761, 6987, 7077, 7217, 8719, 8801, 9045, श्रीमाधोपुर राजस्थान, 135520700007226, 7423, 7710, 7938, 7951, 7959, 7961, 8261, 8267, 8268, 8285, 8291, 8295, 8299, 8309, 8317, 8319, 8331, 8337, 8338, 8348, 135520730035615, 6135, 6174, 6824, 6936, 135520730040388, 1049, 4190, 4350, 8289, 8633, 8672, 8680, 8682, 9225, 9273, 9299, 9524, 9623, 9698, 9771, 135520730050247, 0826, 0827, 0871, 0950, 0951, 0972, 1012, 1281, 1511, 1516, 1632, 1686, 1687, 1693, 1695, 1727, 1735, 1741, 1768, 1830, 1833, 1885, 2003, 2113, 2122, 2123, 2167, 3071, 3184, 3313, 3405, 3437, 3438, 3458, 3484, 3499, 3531, 3536, 3575, 3576, 3580, 3604, 3605, 3607, 3609, 3617, 3664, 135520780000043, 0067,

उपरोक्त नीलामी में भाग लेने के इच्छुक व्यक्तियों को निम्नलिखित का पालन करना होगा:- इच्छुक बोलीकर्ताओं को ईएमडी के रूप में रू.10,000/- नीलामी के दिन नकद जमा कराना होगा (असफल बोलीकर्ताओं को बाद में लौटा दिया जाएगा). बोलीकर्ता को वैध पहचना प्रमाण/पैन कार्ड साथ लेकर आना होगा. अधिक जानकारी के लिए कृपया 9072604049 पर संपर्क करें.

अधिकृत अधिकारी
मणप्पुरम फायनेंस लि. हेतु.